खोलो हृदय के ताले मईया जी

खोलो हृदय के ताले मैया जी मेरा भाग लिख दो,
मैया जी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले मैया जी मेरा भाग लिख दो॥

पहला भाग मेरे माथे पे लिख दो,
माथे पे लिख दो माँ माथे पे लिख दो,
मैं शीश झुकाऊँ बारम्बार मैया जी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले मैया जी मेरा भाग लिख दो॥

दूजा भाग मेरा नैनो में लिख दो,
नैनो में लिख दो माँ नैनो में लिख दो,
दर्शन करू में बारम्बार मैया जी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले मैया जी मेरा भाग लिख दो॥

तीजा भाग मेरा कानो में लिख दो,
कानो में लिख दो माँ कानो में लिख दो,
भगवत सुनु में बारम्बार मैया जी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले मैया जी मेरा भाग लिख दो॥

चौथा भाग मेरी जिव्हा पे लिख दो,
जिव्हा पे लिख दो माँ जिव्हा पे लिख दो,
भजन करू में बारम्बार मैया जी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले मैया जी मेरा भाग लिख दो॥

पाचवा भाग मेरे ह्दय में लिख दो,
ह्दय में लिख दो माँ ह्दय में लिख दो,
सुमिरन करू मैं बारम्बार मैया जी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले मैया जी मेरा भाग लिख दो॥

छठवा भाग मेरे हाथो में लिख दो,
हाथो में लिख दो माँ हाथो में लिख दो,
दान करू मैं बारम्बार मैया जी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले मैया जी मेरा भाग लिख दो॥

सातवाँ भाग मेरे पैंरो में लिख दो,
पैंरो में लिख दो माँ पैंरो में लिख दो,
तीरथ करू मैं बारम्बार मैया जी मेरा भाग लिख दो,
खोलो हृदय के ताले मैया जी मेरा भाग लिख दो॥

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |